गुलदस्ताबाँकेलाल

मतबअ इफ़्तख़ार देहलीमें बएहतमा
म मोहम्मद इब्राहीम केसे छापीगई

नाम पुस्तक	क़ीमत	नाम पुस्तक	क़ीमत	नाम किताब	क़ीमत	नाम क़ीमत
गुलज़ार सखुन	।)	लावनी मनोहर	·	स्वाँग गोपीचंद	-)	जादू के तमाशे की
नुर्रा प्रथम भाग	·	बाग प्रथम भाग	=)	स्वाँग प्रह्लाद	-)	दूसरी किताब
तथा दूसरा भाग	।)	तथा दूसरा भाग	।)	क़िस्से अलाउद्दी	।=)	इस किताब में
तथा तीसरा भाग	।)	तथा तीसरा भाग	-)	न चिराग़ अलफ़	·	लागे हैं जो होली
तथा चौथा भाग	।)	लावनी रिसाल	·	लैला का क़ीमत	·	और दिवाली -
बुद्धि बिलास	≡)	सागर क़ीमत	-॥)	बीरबल नामा	-॥)	मुहर्रमों में लोग
प्रथम भाग ··	·	लावनी ब्रह्म प्र	·	बादशाह और	·	दिखाया करते हैं
तथा दूसरा भाग	≡)	[illegible]श क़ीमत	-)	बीरबल के सवा	·	रिसालः किरक
तथा तीसरा भाग	≡)	लावनी हरदिल	·	ल जवाब प्रथम भा	·	ट इसमें गेंद बल्ला
तथा चौथा भाग	≡)	पसंद क़ीमत	=)	तथा दूसरा भाग	-॥)	खेलने के क़ायदे
ख्याल चौबीसी	·	स्वाँग सौदागर	·	तथा तीसरा भाग	=)	रिसाले वरज़िस
प्रथम भाग	=)	बच्चा बड़ा क़ीम	·	तथा चौथा भाग	≡)	पहलवानी कर
तथा दूसरा भाग	=)	स्वाँग बसंत कुंवर	=)	ताश बत्तीसी नाट	=॥)	ने के क़ायदे हैं
तथा तीसरा भाग	=)	स्वाँग चित्र मुकुट	=)	क इसमें ताश के	·	कुलियात नज़ीर
तथा चौथा भाग	=)	स्वाँग मोरध्वज	-।)	तमाशे हैं जो अंग	·	मजमेउल अम्सा
[illegible] ख्याल	·	स्वाँग नौटंकी	-)	रेज़ तमाशा दिखाते हैं।		अशार क़ीमत ··
[illegible] क़ीमत ···	।-)	स्वाँग निहालदे	=॥)	तथा दूसरा भाग	-॥)	रिसाले मनरंज
गुलज़ार सखुन	·	स्वाँग सरवर नीर	-॥)	नक़्श सुलेमानी	-)	ये किताब सतरं
कलगी क़ीमत	=॥)	स्वाँग ढोला मारू	-॥)	नाटिका क़ीमत	·	ज सीखने की है
लावनी चेतनशा	-॥)	स्वाँग बज्र मुकुट	=)	सकुंतला नाटक	≡)	रमल सिंधु इसमें
लावनी नवीन		स्वाँग ज़ाहरपीर	-॥)	फ़र्रुख़ सभा नाट	-)	इसमें तरह २ के
बिलास प्रथम		स्वाँग महाभारत	-)	इंदरसभा नाटक	=॥)	प्रश्न और तिल
भाग क़ीमत ··	=॥)	स्वाँग गुल बकावे	-)	परियों की हवाई	·	और अंग फड़क
तथा दूसरा भाग	≡)	ली का क़ीमत	·	मजलिस क़ीमत	≡)	ने का कुल बयान
तथा तीसरा भाग	=॥)	स्वाँग देवर भाभी	-)	और बहुत नाट		क़िस्से डब्बा का
लावनी ब्रह्मज्ञान	≡)	स्वाँग तीन सौक	-।)	क परस्तान के		क़िस्सा क़मरुज़ भ
प्रथम भाग ···	·	तों का झगड़ा ·	·	हमारे यहाँ नाग		ठियारे का क़ीमत
तथा दूसरा भाग	।-)	स्वाँग राजा प्रताप	·	री में छपते हैं जो		क़िस्से हारूँरशीद
तथा तीसरा भाग	≡)	सिंह क़ीमत ''	-)	बंबई की कंपनी		गुलशन उमरा
तथा चौथा भाग	-॥)	स्वाँग सिया स्वयं	·	यां तमाशा दिखा		इसमें दरबार दे
तथा पांचवां भाग	-॥)	वर बड़ा सुखल	·	या करती हैं।		हली का हाल है
इन सबों का मुस		ल कल क़ीमत ·	=॥)	जादू के तमाशे	।)	जो कि सन् १८७७
न्निफ़ बाबा बना		स्वाँग कारक	-)	की पहली किता	·	में हुआ था पे २
रसी गिर गुसाईं हैं		स्वाँग हरीचंद	-॥)	ब क़ीमत ····	·	राजा आये उनकी तसवीरें नकशा

यह नवीन पुस्तक देखो

॥ श्रीः ॥

गुलदस्ता बाँकेलाल

यानी

लाला बाँकेलाल वैश्य अग्रवाल । वल्द लाला बलदेवदास उस्ताद । साकिन गंज कलाँ रियासत रामपुर रुहेलखंड के बनाए ख्याल मरहठी हिन्दी व उर्दू व गज़लें गानेके वास्ते दंगलमें गुरू दुर्गादास उस्ताद तोड़े वालेके अखाड़े वालोंके तथा उनके इष्ट मित्रोंके गजलें संपूर्ण सज्जन ।
मनुष्योंके आनंद हेत

तिसे

उन्हीं लाला बाँकेलाल ग्रन्थ कर्त्ताकी आज्ञानुसार लाला नारायणदास जंगलीमल ने मतबअ इश्तहार देहली में बएहत्माम मोहम्मद इब्राहीम के सेवहन शुद्ध पूर्वक छपवाई प्रथम बार मिती फाल्गुण सुदी ५ बृहस्पति
सम्वत १९५८

भावप्रकाश संस्कृत मूल भाषा टीका है अति उत्तम नीन जिल्द में ४) माधवनिदान संस्कृत मूल भाषा टीका सहित शुद्ध १।) हंसराज निदान संस्कृत मू॰ भाषा टीका चित्र सहित ॥) योगचिंतामणि सं॰ मू॰ भाषा टीका सहित अति शुद्ध १।) रसराजसुंदर सं॰ मू॰ भाषा टीका शुद्ध ४) वैद्य रत्नाकर सं॰ मू॰ भा॰ टीका यह ग्रंथ चरक सुश्रुत भावप्रकाश आदि ग्रंथों से सार लेकर बनाहै- ५।)

निघण्टु रत्नाकर भाषामें बड़ा ६) अनुपान चिंतामणि सटी॰ ।=) चिकित्सा कल्पद्रुम छा॰ बं॰ ।=) वैद्यक कल्पद्रुम छा॰ बंबई॰ भाषाटीका ४॥) माधोनिदान केवलमूल ।) श्रीरणवीरप्रकाश क्री॰ ७) द्रव्यगुण वाग्भट का एक भाग छा॰ क॰ २) वंकसेन छापा कलकत्ता २०) इलाजुलगुरबा कीमत ॥) इलाज जिस्मानी कीमत ।) रिसालः आनशक मौज़ा कीमत- ।) अर्क प्रकाश रिसालः ।=) तिब्ब प्रभाकर तर्जुमा तिब्ब सफीका ।) तिब्बे अहसानी तर्जुमा क़ी॰ ।=) रसायनप्रका॰ ।)

पुस्तक मिलनेका- देहली दरीबा कलाँ कूचा मसजिद में नारायनदास जंगलीमल

श्रीगणेशायनमः॥

गुलदस्ता बांकेलालकृत

॥ लिख्यते ॥

दीबाचा

प्रणाम है उस सच्चिदानन्द आनन्द कन्द पर ब्रह्म परमेश्वर को कि जिसके पलक मात्रमें यह संसार बार बार निर्मित और लय हुवा करताहै। और हमेशा शेषजी हज़ार मुखसे नित नये नाम उच्चारण करते रहतेहैं और वेद जिसको नेतिनेति कहतेहैं उसकी महिमा यानी तारीफ़ को कोई लिख सके या कह सके अथवा जान सके तो इतनी किसकी सामर्थ्य है कि जो लिख सके या कह सके अथवा जान सके अर्थात् ब्रह्मा विष्णु महेशादि को लेकर कोई भी नहीं लिख सका है बस मालूम होवे कि यह तुच्छ बुद्धि वाला बांकेलाल छन्द [illegible] और अग्रवाल साकिने शहर मुरादाबाद [illegible] रामपुर कुहेलो मोहल्ले गंज कलां का है दस्तबस्ता अरज करता है फ़न शेर यानी सखुने मं[illegible] [illegible] में इल्तमास रखताहै कि जहांतक [illegible] किसी तरह की गलती देखें तो यक़ीन कामिल

है कि उसको अपने दामिन बख़्शिश से छुपालें
और मौरिज़ न हों क्योंकि मुझको इतनी कुव्वते ता
क़त कहां कि मैं शायरी करूं और न कुछ मुझको
दावा है बल्कि अरबाब सखुन के आगे मूं चिड़ा
ना है. नाचार हूं कि चन्द अहबाबने मुझसे फ़र
मायश की तो मैंने उनसे कहा कि मुझको इसमें
कुछ दख़ल नहीं है लेकिन उन्होंने मेरे कहनेका
अस्ला ख़्याल न किया और पैदरपै इसरार की
तो मजबूर होकर मैंने इस कामको परमेश्वरका
नाम लेकर शुरू किया उसने अपनी कृपासे पूरा
कर दिया अब कहीं इसमें मेरी चूक को कोई कवी
श्वर या पंडित अथवा सुन्दर बुद्धीवाले सुज्जन देखें
तो अपनी कृपासे क्षमा करदें मुझको अपना से
वक और शिशु अनुमान करें क्योंकि साधू और
सुहृद बालकों के बचनकी रचनाको सुनकर के
आनन्द ही होते हैं और इसपर नज़र रक्खें कि
हर एक इन्सान ख़ता और भूलका बना हुवा है
पस यह समझकर ऐब गीर न हों
और इस किताबका नाम (गुलदस्ता बांके लाल)
रक्खा है— कि जिसमें ख़्याल मरहठी व
[illegible] लिखी गई हैं ॥

श्रीगणेशायनमः॥श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः॥

॥ सखी ॥

गज बदन देव अपार भेव हमेश सेव सुरेश जी। निज चरण सेवक सुखद बरणत सुजश शारद शेषजी। सुर असुर मुनिजन करत जय धुनि हरत बिघन कलेशजी। अभिलाख बांके दासकी उर बास करहु गणेश जी॥

दौड़

भाल शशि गणपति लम्बोदर
येक कर अभय दूसरे बर
तीसरे त्रिशूल सोहै कर।
चौथे में डौरू है सुन्दर॥
लाज दंगल में राख लीजे।
यही बर मुझे आप दीजे।

॥ १ ॥

॥ सखी ॥

करुणा करहु करुणा करहु करुणा करहु करुणायतन। मम दुख हरहु मम दुख हरहु मम दुख हरहु निज जान जन। अघ शमन हर अघ शमन हर अघ शमन हर जन है शरन। जगलाज रख जगलाज रख जगलाज रख गिरिजा रमन।

॥ दौड़ ॥

॥ गंगसिर चन्द्र चारु भाला ॥
॥ इंदि वर नेत्रहैं बिशाला ॥
॥ गले में मुन्डों की माला ॥
॥ बिराजै कटि मृगपति छाला ॥
॥ दास वांके मांगे कर जोर ॥
॥ चरण पाथोज रहै रति मोर ॥
॥ २ ॥

॥ ख्याल १ ॥

॥ श्रीगणेशजी का ॥

श्रीगणेश इकदन्त गजानन अग्रपूज्य सबला यक हो। जो जन सुमिरे सदा आसकरि तिन्हे आप बरदायक हो॥ टेक ॥
लम्बोदर अतिकाय भक्तप्रिय दासनके अघ घायक हो। मूषक वाहन खलबन दाहन पर ब्रह्म गुण गायक हो। फनि उपवीत पार्वती नंदन सकल शंभु गण नायक हो। कपिल बरन गज करन शरणप्रद जननी जनक रिझायक हो। सुन्दर बदन सिंदुर भूषण मेवा मोदक खायक हो। जो जन सुमिरे सदा आसकरि तिन्हे आप बर दायक हो ॥ १ ॥

धूम्रकेतु हरब प्रभुप्रिय ना-
यक हो। बिकट रूप विधुभाल भालगत विद्या
सिन्धु बिनायक हो। सुर नर सिद्ध असुर गन्धर्व
नु अभिमत बर बर सायक हो। अद्भुत चरित सा
धु सुख दायक गूढ़ अगोचर सायक हो। दारिद
दहन देव करुणा निधि सब बिधि जन मन भाय
क हो॥ जो जन सुमिरे सदा आसकर तिन्हैं आप
बरदायक हो॥ २॥
शरणागत प्रतिपाल परम मन प्रगत विपति व्य
यक हो। पुस्तक पाणि सारदा संयुत महादेव के
पायक हो। सर्व काल कर माल बिराजत सुखप्रद
रिख स्वत्तायक हो। दीनदयाल दीन सुख दायक
नाम प्रभाव जनायक हो। बार बार बिनती मुनि ज
।की इसमुख छन्द रचायक हो। जो जनि सुमिरें
सदा आसकर तिन्हें आप बरदायक हो॥ ३॥
घुंडा दंड अग्रतें परसत निजसिर कोन अघायक
हो। अंकुश धरन हरन सिन तुमते को सुख देन
पचाय कहौ॥ अस प्रभु तजि जे रहैं दुखारी तिन
ो कवन उपाय कहौ। श्रीगुरुदेव सत्य नाराय
ज्ञान भेद दरसायक हो। परशु धरन शुभकर
घन हर बांके दास सहायक हो। जोजन

सुमिरे सदा आस करि तिन्हे आप वर दायक हो ॥४॥

॥ ख्याल २ ॥

॥ श्रीगणेशजी का ॥

प्रथम पूजिये चरण गजानन निगमागम सुर मुनि गाया। श्रीगणराया-अपने जनके ऊपर करने दाया ॥ टेक ॥

लम्बोदर शशिभाल चतुर भुज करैं रिद्धि सिद्धी सेवा। पावन भेवा-शेष सनकादि नारदादिक देवा। पान फूल वर धूप नारियल और चढ़े हैंगी मेवा। जो करै सेवा-तिनके मन माना फल दायक देवा। गौरी नन्दन अघ जग वंदन सिधि दायक जस जग छाया। श्रीगणराया-अपने जन के ऊपर करने दाया ॥ १ ॥

येक दन्त बुधिवन्त सेवते सन्त सुनऊ शिवके लाला। नयन बिशाला-गलेमें पड़ी है गज मोतिन माला ॥ बिघन निवारन सुर मुनि रंजन राजे है सिंदुर आला। दीन दयाला-कीजिए अपने जन का प्रतिपाला ॥ तुमको ध्यावै निजफल पावै शोक नसावैं गजमाया। श्रीगणराया-अपने जनके उपर करते दाया ॥ २ ॥

ब्रह्मा विष्णु महेशदेव रिषि संतन गुण तुम्हरे

गाते । पार नपाते • अपनी अपनी बुद्धि सम सब । ध्याते ॥ जो कवि बन्दें चरण आपके जगमें सुन्द र जश पाते । अति हुलसाते • दुःख और बिघन उ सके नन क्षण जाते ॥ फिर ना कमी है उसके नाई जो तुम्हारा जन कहलाया । श्री गणराया • अपने जनके ऊपर करते दाया ॥ ३ ॥

मैं बांके हूं दास तुम्हारा मुझे बेगि अपना लीजे । अभय करीजे • बुद्धि दे निवास उरमें आ कीजे । बार बार चरनों सिर नाऊं लाज जगत में रख लीजे । करुणा कीजे • मेरा चित चाह प्रभू पूरी कीजे ॥ इस जग आके सो सुख पावे जिसने तुम्हरा जश गा या । श्री गणराया • अपने जनके ऊपर करते दा । या ॥ ४ ॥ २ ॥ ॥ ख्याल ३ ॥

॥ श्री सरस्वतीजी का ॥

जगमग छवि जड़ता हरनि करनि सुख साज मात सुनियें बानी । जो कहूं में दोनो हाथ सदा उर बसो भा रती महरानी ॥ टेक ॥

धर ध्यान सरसुती रूप प्रथम कमलासन जिन्हों हृदे आनी ॥ जप यज्ञ दान ब्रत नेम सभी हुए सि द्ध तिनोंके जगजानी । जो आदि शक्ति जगदंब गि रा वह जिस्के बिन जग दुख खानी ॥ सोइ वे जानि

जन जबै सिद्धि हो सबै काज मंगल दानी । जनमन
माना सुख लहै तभी जब ह्वै पितामह पटरानी ॥
जोरूं मैं दोनो हाथ सदा उर बसो भारती महरानी १

॥ चौक ॥ १ ॥

भुज चारु चारु जन चारु चारु दिसि थंभै किये डो
लें प्रानी ॥ दस दस बिचार श्रुति चार सार पुस्तक उ
दार सो है पानी ॥ इक हाथ बीन सोहै नबीन निसि
दिन प्रबीन जयधुनि गानी ॥ कर फटिक माल बर
दे बिसाल करदे निहाल हो कबिज्ञानी ॥ जीकी
आसा अब करो सफल बरनौ हरिके गुण निजबानी
॥ जोरूं मैं दोनो हाथ सदा उर बसो भारती महरानी ॥

॥ चौक ॥ २ ॥

गलमुक्त हार जनु सुर सिंगार जिहि उर बिहार सो
सुरमानी ॥ सब सेन साज सिर ताजदिपै लग छत्र फ
रै कनकन पानी । भाषा सरस्वती हंसजान भारती
सारदा ब्रह्मानी ॥ गो गिरा बीन कर बाक सिद्धि दा ।
जपै नाम तेरे बानी ॥ सोलहै नाम चातुर कहाई
हो सभाजीन फिरक्या हानी ॥ जोरूं मैं दोनों हाथ स
दाउर बसो भारती महरानी ॥ ३ ॥
जो लगातार बानी बिभूति अभिलाख नाम नति ठा
नी । जन बाग बादिनी मंत्र जपैं दस लाख नेम करि

रुचि आनी ॥ प्रतिभा अपार कविता उदार रसरीति छन्द गुन पहिचानी ॥ सो होइ शीघ्र कवि सही जथा कवि सत्य नरायन नृपमानी ॥ जिनके चरनोंका ।
यह प्रताप बाँके की ऐसी यह बानी ॥ जोरूं में दौनो हाथ सदा उर बसो भारती महरानी ॥ ५ ॥

॥ ख्याल ॥ ६ ॥

॥ श्री गुरुदेवजी का ॥

श्रीगुरुदेव देव सर्वोपरि गुरु महिमा कहि कौन सकै ॥ गुरु ब्रह्मा गुरु बिस्नु शंभु गुरु गुरुतैं पर ब्रह्म झलकैं ॥ अर्थ धर्म अरु काम मोक्ष ये गुरु सेवा बिनु लहै नहीं ॥ जिसने जहां लहा जो श्रमसों गुरु से वा है मुख्य नहीं ॥ अष्ट सिद्धि नव निधि सब संपत्ति गुरु सेवातें मिले सही ॥ गुरु सेवक हो निर्भय बिचरें स्वर्गलोक पाताल मही ॥ वेद पुराण शास्त्र सब देखो गुरु महिमा कहि सभी थके ॥ गुरु ब्रह्मा गुरु बिस्नु शंभु गुरु गुरुतें पर ब्रह्म झलकै ॥ १ ॥

निगुरा नर नरकोंमें रहकर भांति भांतिके दुःख सहे ॥ कुंभीपाक तप्त बालूमें गुरु अपमानी देह दहे ॥ यम गण मारें हाय पुकारें गुरु महिमा जानी न है ॥ नरतन पाय जिनो गुरु सेया सो स्वर्गोंमें सुखी रहे ॥ वे नर धन्य पुण्यके भाजन गुरु पद रेणु रगीं अ

लके ॥ गुरु ब्रह्मा गुरु विस्नु शंभु गुरु गुरुतें पर ब्र
ह्म झलके ॥ २ ॥

ऋषि मुनि सिद्ध सुरासुर मानुज गुरुपद प्रेम सभों
कीना ॥ गुरु प्रसाद सबही सुख पाया पाछे पर ब्र
ह्मलीना ॥ गुरु प्रताप ध्रू अचल बिराजे जो नकभी
होगा छीना ॥ नारद की चौरासी नासी कोठिन म
नुज तरे दीना ॥ गुरु पद प्रेम होइ नरको जो बड़त
जन्मके पुण्य पके ॥ गुरु ब्रह्मा गुरु बिस्नु शंभु गुरु
गुरुतें पर ब्रह्म झलके ॥ ३ ॥

कहूं कहांलो गुरुकी महिमा इस मुखतें कहिते न
बने ॥ पर ब्रह्म अवतारी होकर गुरु पद सिर नाया
सबने ॥ सब साधन से हीन होइ पर गुरु सेवा सुर
पुर गवने ॥ गुरुप्रसाद जग बिचरे प्रानी गन मानी
गुरु प्रेम सने ॥ गुरु प्रताप बांके की कविता सुनि
सुनिकें सज्जन पुलिके ॥ गुरु ब्रह्मा गुरु बिस्नु शंभु
गुरु गुरुते पर ब्रह्म झलके ॥ ४ ॥

॥ ख्याल ५ ॥

ब्रह्मा बिष्णु महेश रूप तव ऐसे भगवन् तुमी
तो हो ॥ वाह २ प्रभु जन सुखदायक दुष्ट निकंद
न तुमी तो हो ॥ टेक ॥

अवधपुरी अवतार लिया कौशिल्या नन्दन

तुमीतो हो। भक्त हेत प्रभु रहे बनोंमे मारा रावन तुमी
तो हो॥ सुर रिषि मुनि सबका भय खोया शोक न
शावन तुमीतो हो। दास बिभीषण राज बिठाया जन
मन रंजन तुमीतो हो॥ परब्रह्म जगदीश रमांपति
अधम उधारण तुमीतो हो। वाह २ प्रभु जन सुखदा
यक दुष्ट निकंदन तुमीतो हो॥१॥
दन्तबक्र शिशुपाल कंस खल असुर संघारन तुमी
तो हो॥ जरासिंधु और कालयमन भठ भुजबल
मर्दन तुमीतो हो॥ ग्वाल बाल ब्रज गो सुखदायक
काली नाथन तुमीतो हो। ब्रज युवती संग रास मचा
वन माखन मांगन तुमीतो हो॥ दामोदर है नाम तु
म्हारा जशुधा नन्दन तुमीतो हो॥ वाह २ प्रभु जन सु
खदायक दुष्ट निकन्दन तुमीतो हो॥२॥
राजा बलिसे जो छल कीना ऐसे बामन तुमीतो हो
॥ पहिले तीनि पैंड भू मांगी सरबस छीनन तुमीतो
हो॥ फिर निज रूप बिराट बढ़ाकर बांधा बलि जन
तुमीतो हो॥ दिया त्रिलोकीराज इन्द्र को कश्यपनंद
न तुमीतो हो॥ गो फिर इन्द्र होयगा बलि भी अब त
ल भेजन तुमीतो हो॥ वाह २ प्रभु जन सुखदायक दु
ष्ट निकन्दन तुमीतो हो॥३॥
मुफ़ बांकेके सद्गुरु पंडित सत्यनरायन तुमीतो हो।

सुरनर बैंन कहीं बहु पोथी कविकुल भूषण तुमी।
नो हो ॥ छाया जिनका सुजस जगतमें बिन्तु बनाव
न तुमीनो हो ॥ भव सागरसे पार करो प्रभु निजजन
पालन तुमीनो हो ॥ अधम अजामिल गणिका ग
गके सबदुख काटन तुमीनो हो ॥ वाह २ प्रभुजनसु
खदायक दुष्टनिकन्दन तुमीं नो हो ॥ ४ ॥

॥ ख्याल ५ ॥

जो रमां बिहारन त्रिभुवन कारण धनुशर धारन
कहलाया। जयजय जग भर्त्ता जनदुख हर्त्ता पाल
न कर्त्ता रघुराया ॥ ठेक ॥

सर काज सह्मारन त्रिभुवन कारन अधम उधार
न छमांपते ॥ गो द्विज संतापी रावन पापी हता सु
रांपी रमां पते ॥ नभचर गंधर्वा सकल सुपर्वा छि
तिचर सर्वा बिल्लापते ॥ जन जान बचाया करि
निज दाया राज बिठाया मिल्लापते ॥ खल राक्षस
भारी सैन संघारी मुनिभय टारी जश छाया ॥ जय
जय जग भर्त्ता जनदुख हर्त्ता पाल्लन कर्त्ता रघुरा
या ॥ १ ॥

सनकादि मुनीशा अज गौरीशा नर खगकीशा मू
ढ पढा ॥ सुर सुरभीपालक खलदल घालक रिपु
उर शालक बिरद बढा ॥ द्विज अधम मलीना नाम

अधीना निजपददीना गरुड़ चढ़ा ॥ जन देखि दुखारी खंभ मंझारी मनुज मृगारि रूप कढ़ा ॥ प्रहलाद उबारा खल संघारा सुजश उदारा जग छाया ॥ जय जगभर्त्ता जनदुखहर्त्ता पालन कर्त्ता रघुराया ॥

॥ चौक २ ॥

जबही पटरानी मजलिस आनी सारी तानी परितापी ॥ तब कुरुपति दारा नाथ पुकारा तुही सहारा कहि काँपी । सुन आतुर धावा चीर बढ़ावा दर्प नसावा जगव्यापी ॥ धरि बामन रूपा छलि बलि भूपा बिराट रूपा छिति नाँपी ॥ जय त्रिभुवन बन्दन जशुमतिनंदन कंस निकंदन जदुराया । जयजय जगभर्त्ता जनदुखहर्त्ता पालन करता रघुराया ॥ ३ ॥

गजकी सुनि बानी निजजन जानी सारंगपानी ग्राह हना ॥ पुनि निज पद दीना गृद्ध अधीना ना क्रिया सुना ॥ जयजय भृगुनागा द्विज नृपकुल भागा सुजश घना ॥ जय राज दुलारे मख रखवारे अगनित तारे वेद भना ॥ जब वेह अपनावे शोक नसावे वांके गावे तजि माया ॥ जयजय जगभरता जनदुखहरता पालन करता रघुराया ॥ ४ ॥

॥ शिवजीका ॥
ख्याल ६

जयजय त्रिपुरारी भव भय हारी हर कामारी गौरि पती ॥ कमलासन देवा पावन भवा नित कर सेवा रमापती ॥ ठेक ॥

नंदीश सवारी गंगाधारी भुजंगधारी बरदाया ॥ गलहै मुंडमाला नयन बिशाला शशि धर भालाक र दाया ॥ गिरिजा अरधंगा सेवन भंगा भूतन संगा कहलाया ॥ है आप अमानी बेद बखानी प्रदजन मानी मुनिगाया ॥ सुरभय हरलीना बिषपी लीना अमृत दीना देवपती ॥ कमलासन देवा पावन भे वा नितकर सेवा रमापती ॥ १ ॥

हे दीन दयाला उतपन पाला अंतकराला वेद कहैं ॥ हे अज अबिनाशी सब घट बासी आत्म बिला सी सदा रहैं ॥ जस गावें संना वेद अनंता लहैन अंता मौन गहैं ॥ सनकादि नारदा शेष शारदा नहीं पार दा भेद लहैं ॥ अबजनकी बेरी करज नदेरी डूबो सवेरी तुहीगनी ॥ कमलासन देवा पावन भेवा नि तकर सेवा रमापती ॥ २ ॥

हे उमां बिहारन त्रिभुवन कारन शोक बिदारन सुख कर्त्ता ॥ हे जन मन रंजन दुष्ट निकंदन बिपति बिभं जन जग भर्त्ता ॥ गिरि बर कैलासा रहैं उदासा उमा बिलासा बिषधर्त्ता ॥ नित निबसे काशी मलपन

नाशी अगजग राशी संहर्त्ता ॥ मैजड़ कह गावा पा
लखिनहिं
नदेवा पावन भेवा निनकर सेवा रमापती ॥३॥
हूं शौच बिहीना दाननदीना तपनहिं कीना सत।
संगा ॥ब्रत नेम नज्ञाना अधम अजाना कभीन न्हा
नाजागंगा ॥ तिहि महिमा पारा वार अपारा करुणा
गारा अर्द्धंगा । अब अपना लीजे अभय करीजे पद
रति दीजै तन चंगा ॥ जन बांके गावे जग सुख पावे
छिन छिन ध्यावे उमांपती ॥ कमलासन देवा पा
वन भेवा निनकर सेवा रमा पती ॥ ४ ॥

ख्याल ६ पूतनावध

कंसकी भेजी इक नारी- पूतना हरिने संहारी ॥
॥ ठेक ॥

आई वो बनके अजब नारी - याद क्यों किया छत्र
धारी । काम जो होय करुं भारी· दूसीदम आज्ञा अनु
सारी । शिताबीसे होउं कमजारी· पूतना हरिने संहा
री ॥ १ ॥
कामयक मेरा बड़ा हैगा - आके वो जांपे अड़ा हैगा
। कान्ह यक शत्रु कड़ा हैगा । जनमकर अभीपड़ा
हैगा । उसे हनि यही फ़िकर भारी ॥ पूतना हरिने
संहारी ॥ २ ॥

ये क्या है काम ज़रा सारा। धीर धर अब दुशमन मारा ॥ ये कहकर गोकुल पग धारा ॥ बनी वो सुन्दर सी दारा ॥ जिसे लखि मोहे नर नारी ॥ पूतना हरि ने संहारी ॥ ३ ॥

जहां वो गई नज़र फारे। गिरे सुन उसकी चिंघारे हज़ारों बालक उन मारे। गई वो नन्द महर द्वारे। कुचों पर लगा ज़हर भारी। पूतना हरिने संहारी ॥

॥ चौक ४ ॥

देख भई मोहित ब्रजबाला। मनो पढ़ बसी करन डाला ॥ मोद भर लिया गोद लाला ॥ रसीगुन उठा लिया काला। कुमति की गई बुद्धि मारी ॥ पूतना हरिने संहारी ॥ ५ ॥

कुचों को पकड़ के बनवारी ॥ लगाया मुंहसे बलिधारी ॥ ज़ोर की चुसकी जब मारी ॥ निकल जां गई तभी सारी। गिरी कर घोर शब्द भारी ॥ पूतना हरिने संहारी ॥ ६ ॥

पिचा जो उसके तल आया। कोस छे तलक पड़ी काया ॥ गिरी तब गई भूल माया ॥ भयानक सूरत पर छाया। पेटपर खेलें असुरारि। पूतना हरिने संहारी ॥ ७ ॥

नगर में हुवा शब्द भारी। सुनके सब धाये नर

नारी ॥ लखें सब पड़ी असुर नर नारी। जिसे देखे हो भय भारी। उसपे खेलें थे गिरधारी ॥ पूतना हरिने संहारी ॥ ८ ॥

। मुख कंठसे लगा।

। भु को मनाया

खाया ॥ बलैयां लेवें ब्रजनारी ॥ पूतना हरिने संहारी ॥ ९ ॥

गुरु दुरगा।

पावें ॥ अन्तमें हरि पदको जावें। यही गुन बांके सिरनावें ॥ सदा चरनोंपे बलि हारी ॥ पूतना हरिने संहारी ॥ १० ॥

॥ ख्याल ७ ॥

मनिहारिन

ब्रषभानु की दुलारी ॥ भेष

मनिहारी ॥ ठेक ॥

करें अति बिछुवे झनकारी ॥ झांझने रामझोल भारी ॥ कड़ा पाजेब मनो ढारी। कौंधनीके जन बलिहारी ॥

॥ दोहा ॥

कंकन पहुंची नौगरी जोशन बाज़ूबंद

ला मुदरिया आरसी चूड़ी जेब दुचन्द

झूगनू झुमके नथ भारी। भेष कियो श्यामा मनि

हारी ॥ १ ॥

पहन कर घाघर घूमनदार ॥ रके लचकाके जा
पर भार ॥ चूंदरी लाकी सब्ज़ किनार ॥ बीच कुच
चोली सुंदर धार ॥ ॥ दोहा ॥

मिस्सी सुरमा साजिके मुखमें चाबे पान ।
लई बग़लमें चूड़ियां मनिहारिन बन कान

चली जिमि कामिनी मनिवारी ॥ भेष कियो श्यामा
मनिहारी ॥ २ ॥

जभी बरसानेमें आई । चूड़ियां लोरी धुनि लगाई
। मधुर धुनि टेरें यदुराई । राधिका सखी सुन पठा
ई ॥ ॥ दोहा ॥

अय मनिहारिन तोयको राधा बोला आन ।
चलो हमारे साथ तुम सुन मनमें हरषान ॥

गये जहां राधा थी प्यारी ।
भेष कियो श्यामा मनिहारी ॥ ३ ॥

चूड़ियां जोड़े चुन लाई । जोन चंदाकी शरमाई ॥
हरी और सुरख़ सबज़ काई । राधिका पहिरो हरु
षाई ॥ ॥ दोहा ॥

बहुत भांतिकी चूड़ियां रखदीं आगे खोल
राधा बोली देखके पहिरावो कर मोल ॥

रूप लखि जान गई प्यारी । भेष कियो श्यामा ।

मनिहारी ॥४॥

अजी मन मोहन बनवारी। बनो कैसी हो मनिहारी ॥ मगन भई प्रेमाकुल भारी। येक टक लखि रही छबि प्यारी ॥ ॥ दोहा ॥

सो बांके भर अंक तब राधा लीलिपटाय
तन मन ग्रह और सखिन। की सब सुध दी बिसराय। कृष्म की लीला अति प्यारी। भेष किया श्यामा मनिहारी ॥५॥

ख्याल टासका

जमन के तट पर बनवारी। मुरलिया बजावें गिरधारी ॥ ॥ ठेक ॥

कूकसुन मुरली की बामा। चलीं सब तज ग्रह के कामा ॥ पुत्र अरु पती लाज ग्रामा। छोड़ दई मन मान्यो श्यामा ॥ ॥ दोहा ॥

घाघर ओढ़ो चूंदरी पहरी घाघर जान ॥
आभूषण अवरे वसब भूलीं सब हि अपा
जाति जिमि मदिरा पी भारी ॥ मुरलिया बजावें गिरधारी ॥ १ ॥

कृष्म लखि करके ब्रजनारी। कहैं मृदु बचन सुनहु प्यारी। यवड़ कानन निसि है भारी। किधौं तुम आई हो सारी ॥ ॥ दोहा ॥

ब्रजमें सिगरे कुशल है नंद महर कुशलात
सांची कहु ब्रजनागरी बड़े सोच की बात
कि पतिने दई तुम्हें गारी । मुरलिया बजावें गिर
धारी ॥ २ ॥

कृष्ण की सुनि शर सम बानी । गिरीं प्रथवी तल
अकुलानी ॥ मीन सर तट जिमि बिलखानी ॥
कही नव गोपी रिसबानी ॥ दोहा ॥
उठा धरनि कुच कर धरहि हिरदे लई लगाय
कहि कर बतियां प्रेमकी सब गोपी समझाय
करें तुम संग हम नृत प्यारी । मुरलिया बजावें गिर
धारी ॥ ३ ॥

बीचि बिचि श्यामाके काना । बनाये नटवर वर
बाना ॥ करें नृत गावहिं भगवाना । भक्तजन वत्स
लजगजाना ॥ ॥ दोहा ॥
भूम लोक पाताल अरु स्वर्गलोक हरिचंद
शिव बिरंचि सनकादि मुनी चकित भये सुरवृं
द ॥ रास बंसी धुनि सुनि भारी । मुरलिया बजावें
गिरधारी ॥ ४ ॥

रासलीला कर बनवारी ॥ दिया सुख सुखी भई
नारी ॥ मान उन मन आयो भारी । येक संग लई
नंजी सारी ॥ ॥ दोहा ॥

तेहरि अंतर ध्यान हुइ तेहि कर पकड़ मुरारि
फिरत दोऊ बनमें मुदित बोली प्रिया बिचारि
चुवैंहैं तिनुका पियभारी ॥ मुरलिया बजावें गिरधारी
॥ चौक ॥ ५ ॥
कहैं तब कान्हा मुसक्याई ॥ चढ़ो कन्धापै मम आ
ई ॥ गोपिका मनमें हरषाई ॥ छिपे हरि चढ़न नहीं
पाई ॥ ॥ दोहा ॥
बिलपत नन्द कुमार बिनु कहा करी करतार
मो मन आयो मानसो छिपगये कृष्ण मुरारि
करीमैं अनुचित बड़ भारी ॥ मुरलिया बजावें गिर
धारी ॥ ६ ॥ ॥ चौक ॥ ६ ॥
आय तजि जिनको बनवारी ॥ गोपियाँ फिरें बन म
झारी ॥ पूछती बृक्षोंसे सारी । तुमनें देखेहैं गिरधा
री ॥ ॥ दोहा ॥
पूँछति बृक्ष लताओंसे मिली गोपिसों आन
तेह पूंछति सब गोपियाँ कहाँ गयेरी कान्ह ॥
तुहीहै कृष्णकी पियारी ॥ मुरलिया बजावें गिरधा
री ॥ ॥ चौक ॥ ७ ॥
सखी मो मान जिया आया ॥ श्यामनें यातें बिसरा
या ॥ सबों पुनि कृषण सुजस गाया ॥ कियाजो हरि
कर दिखलाया ॥ ॥ दोहा ॥

इक बोली सुनिये सखा चितवहु मेरी ओर
प्रथमहि मारी पूतना सकट बकासुर घोर
नंद सुत सोभे बनवारी ॥ मुरलिया बजावें गिरधा
री ॥ ८ ॥ ॥ चौक ॥ ८ ॥
परस्पर लीला ब्रजनारी ॥ करेंहि बिरहाकुलमत
वारी ॥ प्रघट भय आकर बनवारी ॥ मगन भई
गोपी ब्रज सारी ॥ ॥ दोहा ॥
यह बांके लीला ललित पढ़ै सुनै मन लाय
सुन्दर कीरति जगत में नेह देवें यदुराय ॥
गोपियां हरिपै बलिहारी ॥ मुरलिया बजावें गिर
धारी ॥ ९ ॥

॥ ख्याल होलीका ॥

इतै मत जइयो री गोरी ॥ कृष्ण वहां खेलें हैं होरी
॥ ठेक ॥
मुझे तो पकड़ के बरजोरी । भरी मुहि आंखिन में रोरी
रंग में चूंदरि यह बोरी । सखी सिर गागरि भी फोरी ॥
॥ दोहा ॥
ठाडा मग में कान्ह सखी ग्वाल बाल लिये संग
भेरि पखावज ढोल ढप बाज रह्यो मिरदंग ॥
धूम सखि मच रही चहुं ओरी । कृष्ण वहां खेलें हैं
होरी ॥ १ ॥

जियाममधधकरह्यौप्यारी ॥ यादकरकौतुकबन
वारी ॥ पकड़बइयां प्रथवीडारी ॥ फाड़ अंगियांदई
दईमारी ॥　　　　॥ दोहा ॥

ऊपरसों सबग्वालिया मुखमेंडालत रंग ॥
अरु सजनी कुछ नहिं खबर कहाकियेमोसंग
सांचमैं कहूंहूं किशोरी। कृष्णवहांखेलेहैं होरी ॥

॥ चौक ॥ २ ॥

अनोखा भयानन्दकालाल। पंथमें लूटेब्रजकीबा
ल ॥ निकालै नई नई यहचाल ॥ नकाहूकीहैया
कोशाल ॥　　　　॥ दोहा ॥

चलो सखीरी सकल मिल नन्द महरकेपास
करें आपनी अर्ज़ हम इन बहु दीनात्रास ॥
करै फिर यहना बरज़ोरी। कृष्णवहां खेलेंहैंहोरी ॥

॥ चौक ॥ ३ ॥

जशोधा बरजो श्यामाकों ॥ करैजो फ़ज़ियत वामां
कों ॥ लजाया इननन्दबामाको ॥ दोष लागेगुरु ना
मांको ॥　　　　॥ दोहा ॥

कपड़ोंपर रंगडालकर मुखसैमलैगुलाल
धरनडारकुचपकड़कर चूमतबदनगुपाल
कहीमें कितनी करजोरी। कृष्णवहांखेलैहोंहोरी

॥ चौक ॥ ४ ॥

जभी घर आये जदुराया। महरने हरिको धमकाया।
ढीठने हमैंभी लजाया। किया बदनाम नन्दराया।

॥ दोहा ॥

ऐसी होलीहै कहीं रोकी ब्रजकी राह॥
रंगसों कपड़े नल किये गह बरजोरी बांह
आई अब श्यामत है तोरी। कृष्ण वहां खेलेहैं होरी॥ ५॥
अरीये कूठी ब्रजगोरी। बनावें बातें बरा ज़ोरी॥
नखेला इनसे मैं होरी। लगावें मानाये खोरी॥

॥ दोहा॥

उलटा मुझे खिझावती सुनले बोलूं सांच
बब्बी लेले पकड़कर खूब नचावें नांच।
आजमा मै नहि नाचोरी। कृष्ण वहां खेलेहैं होरी

॥ चौक॥ ६॥

कृष्णकी सुनके चतुराई। महरने ग्वालिन समझाई। गुरु दुरगा सिंह बलिजाई। जसोधा हरि हिरदे लाई॥

॥ दोहा॥

कहै बांके ग्वालिन गई मनमें सब हरषात
श्यामल गात बिलोकि के लोचन नहिं अघात
कृष्ण मुख चंद्रकी चकोरी। कृष्ण वहां खेलेहैं होरी॥ ७॥

ख्याल बिरहनी
चौमासा

घटा घिरि आई घन घोरा । नहिं आया प्रीतम मोरा

॥ टेक ॥

महीना असाढ़ का आया । मोर दादुर ने गुल मचाया
ब्यार वह सननन पुरवाया । श्याम बिन जियरा घबराया ॥ ॥ छन्द ॥

काली धौरी धूम धूसरी घटा आन छाई ।
दामन दमके बादल गरजे जिया फटा जाई
जान पिया बिन कामदेव ने फ़ौज आ चढ़ाई
पी बेदर्दी ने अजहूं लग ख़बर ना पठाई ।

जाने क्या भाई उनके मन । हमारे निकले पी दु श्राम
सखी निज करमों की खोरा । नहिं आया प्रीतम मोरा

॥ चौक ॥ १ ॥

सखी अब शुरू हुवा सावन । कामनी लगी गीत गावन । लगे पी हमको तरसावन । जलो दुखदाई यह सावन ॥ ॥ छन्द ॥

सौतें सुखसे फूलें हमको तीजें दुखदाई ।
देखिये रेशम डोर हमें भई नागन सम नाई
बाग़ लगे बीरान गान नहिं भावे री माई ॥
आभूषण होगये भार सखी ये तीजें जल जाई

ननीजें पीके बिन आवें। रामना काह्को लावे ॥
कोकिला करो न तुम शोरा ॥ नहिं आया प्रीतम मेरा
॥ २ ॥ ॥ चौक ॥ २ ॥
सखी अब भादों आया री। घटा घिरि आई अति
कारी ॥ करूं मैं कैसी बनवारी ॥ दीजिये दरशन गि
रधारी ॥ ॥ छन्द ॥

कुबजा अबनौ कान्हा तुमको खूब नर रु भाई
दासीसे कर प्रीन ज़राभी लाज नहीं आई ॥
मारा मामूं कंस राजको कीरति जग छाई ॥
भूल गए चोरी माखन की पाई ठकुराई ॥

जनम का कपटी नंद लाला। प्रीतका जाल जिस
ने डाला। ख़बर लो आकर मनचोरा। नहीं आ
या प्रीतम मेरा ॥ ३ ॥ ॥ चौक ॥ ३ ॥
सखी अब असौज आया री ॥ कृष्णका दरशन पा
या री। पलंग फूलों सजवाया री। बिरहको दूर ग
माया री ॥ ॥ छन्द ॥

शहर रामपुर नवाब का है कलांगंज सरनाम
मछली दरवाज़े तट ना किया जहां हमारा धाम
अग्रवाल उस्ताद कहाने शहरों शहरों नाम।
सो बलदेवदास सुन बांके गाया छंद तमाम

गुरूके चरनों बलिहारी। जिनों की कृपा काम जारी।

कुस्मजो है रदास श्रोरा । नहीं आया प्रीतम मोरा ॥

॥ १० ख्याल बिरहनी ॥

॥ चौमासा ॥

करूं मै कैसी । अरी ऋतु बरसा की आई । स्याम के कुबिजा मन भाई ॥ ॥ ठेक ॥

असाढ़ो आया । हुआ निज दुशमन दुखदाई ॥ घटा कारी कारी छाई । डरै मन मोरा ॥ स्यामने साधी निठुराई ॥ हमै भई बरसा दुखदाई । मरै हम लाजों चाहिये समसों असनाई ॥ स्याम के कुबिजा मन भाई ॥ १ ॥

सामनो आया । कि जिसमें तीजें नियराई ॥ सखी सब भूलन कों आई । पियाने सजनी ॥ दिलासा दे दे वह काई ॥ रटैं हम चातक की नांई । खूब नर । साया ॥ मिली है उनको ठकुराई । स्याम के कुबिज मन भाई ॥ २ ॥

महीना भादों । अभीसे करीये लगाई । पिया की ख़बर भीन पाई । मोर लाबोलें । करें हम कैसी री माई । जानतो कुबिजाने खाई । दामिनी दमके । लखो तो पीकी निठुराई । स्याम के कुबिजा मन भाई ॥ ३ ॥

असौज नीका । स्याम की पाती तो आई । इसीको समझ लो कन्हाई । जुदा श्रो छाती । म्वानिके वृन्दों

से भाई । आसचातक ज्यों भर पाई । आस है आगे । मिलेंगे बाँके लाल आई । स्याम के कुबिजा मन भाई ॥ ४ ॥

१० ख्याल बिरहनी

बिकल जिया रहे मेरा दिनरात । ख़फ़ा भये पिया कौन सी बात ॥ ॥ ठेक ॥

जुदा जिसका शौहर होवे । उसको क्यौं करके सबर होवे । पिया तुम बिन न गुज़र होवे । व सब तुम हो कि ज़हर होवै ॥ ॥ दोहा ॥

हाय सखी कैसी करूं पिया दिया है त्रास ।

सौतें संग ले सोवती हम बिलषे बारः मास

मीन जल बिन जैसे बिलषात । ख़फ़ा भये पिया कौ न सी बात ॥ १ ॥

दिखादो आकर तुम दीदार । जुदाई ने कीना लाचार । है जीना तुम बिन अब ज़िन हार । गिरीबाँ किया है मैने नार ॥ ॥ दोहा ॥

आलीरी बिन पीव के जीना है धरकार

सौतें जादू गर बड़ी मोह लिये भरतार ॥

रहूं हूं मीज मीज के हात । ख़फ़ा भये पिया कौन सी बात ॥ २ ॥

हुये हो जब से तुम न्यारे । तिनके चिन चिन के दि

नगुज़ारे ॥ गिनूंहूं शबको मैं तारे । वस्ल आकरके देऊ प्यारे ॥ ॥ दोहा ॥

अय सजनी प्रीतम मेरे छाये हैं परदेश
जाऊं पीके देशमें करूं जोगना भेष ॥

नहीं कोई नसीबका है सात । ख़फ़ा भये पिया कौनसी बात ॥ ३ ॥

उतारूं सखी मैं अभरनको । मलूंहूं भभूत सब तन को । ढूंढूंजा अपने साजनको । नछोड़ूं कोई कोहबनको ॥ ॥ दोहा ॥

आलीरी अब मैं चली पीके अपने देश
रंगे गेरुवा बस्त्र हैं खोल लिये सिर केश ।

गलेमें सेली बीन ले हात ॥ ख़फ़ा भये पिया कौनसी बात ॥ ४ ॥

पिया अब है नहिं दिलको चैन । तुह्मारे दरशके प्यासे नैन । सुनूं अबदुल हकीमके बैन ॥ ख़ुशी हों बांके लाल दिन रैन ॥ ॥ दोहा ॥

अब गिरधारी पी मिले हुई मुरादें पूर ॥
रहें रामपुर शहर में गंज कलां मशहूर ॥

रुहेलोंका जो है बिख्यात । ख़फ़ा भय कौनसी बात ॥ ५ ॥

११ ख्याल नसीहतका

संसार है तिसका जो मग रास्ता सो रास्ता सारी याने सब रचना है याने बनाई हुई है उस ईश्वरकी अथवा सारी रचना परमेश्वर की जग मग है ॥

॥ मूल ॥

लख चौरासी थान फिरनको यहां दाउ से है बचना।

॥ अर्थ ॥

देखो ८४ घर हैं १७ चौका ६८ और ७ निकलने के और ६ घुसनेके यह ८४ घर हैं अथवा नरद के खड़ी होनेमें अपने घरके १६ बख़न पकनेके १७ घर और १७ नी ५१ नौ नो हत्थोंके सब मिलाके ८४ हुए। इस सारीके फिरनेको याने नरदोंके आने जानेको इस खेलमें दाउ और से है याने होनी है खिलारी लोग आपसमें दाउं औरसे बोलते हैं तिससे बचना यह नसीहत है।

मारफ़तमें) ८४ लाख थान याने जो नै है इनसे बड़े दाउं से अर्थात् बड़ी हुशियारी से बचना है ॥

॥ मूल ॥

चार चार बदरंग रंग के नरद रात दिनके जामे।

॥ अर्थ ॥

चार नर्द रंग चारनर्द बदरंग की जिसमें है चाहे रातको खेलो चाहो दिनकों ॥ मारफ़तमें ॥ रात और दिनके चार चार जाम जो पहर हैं सो रातके बदरंगके बुरे अंधेरेके हैं। और दिनके रंगके सुन्दर उजालेके वही गोया नरदें हैं क्योंकि खेलमें नरदोंसे काम रहता है दुनियां में दिन रात के पहरोंसे

काम रहनाहै ॥ ॥ मूल ॥

हरदम ख्याल रहै हरसे गर छूटेतो मारे जासै।

॥ अर्थ ॥

हरदम हर नरद से ख्याल रहै तो नरद बची रहै अगर ख्याल छूटा और नरद मारी गई ॥ मारफ़तमें । हरदम ख्याल हरसे ईश्वर से रहै तो ठीकहै अगर ख्याल जिसका छूटा सोई मारे जातेहैं ॥ ॥ मूल ॥

चार दिशा सारी सुखदायक जो जुगना फूटे तासैं ॥ अर्थ

चारों तरफ़ की सारीजो बिछीहै सो सुख देने वाली है मगर जो नरदों का जुग न फूटेतो ॥ मारफ़तमें ॥ चार दिशा पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण ये सारी सब सुख के देने वाली हैं मगर कब जो जुग ना फूटे तिन दिशाओं में यहां जुग फूटना क्या है कि यह जीवात्मा ईश्वरको सब जगह देखता रहै तो गोया ईश्वर के । संग हमेशः रहता है तो जुग नहीं फूटा ॥

॥ मूल ॥

एक हुए पर सुख निज घरमें जहौ लूटै खासैं।

॥ अर्थ ॥

अगर नरद एक होगई याने जुग फूटगया तो फिर सुख कहीं नहीं सिवा अपने घरके जबतक अपने घरके भीतर नहीं पहुंचती है नरद तब तक पिटती है बड़ी मुशकिलों से घरमें पहुंचती है

जब अपने घर में पहुंच गई फिर क्या खौफ़ है चैन से लूटो खाउ।

॥ मारफ़त में ॥

अगर जीवात्मा परमात्मा दोनों एक होगए याने जीवात्मा ने परमात्मा को जब जाना तो फिर दो नहीं रहे एक होजाते हैं जब एक हुए तो कहीं मन फिरे अपनेही घरमें याने हृदय में सुखहै चैन से लूटो खाउ सांडुसे मस्त रहो ॥

॥ मूल ॥

तमो रजो सत गुण के पासे फेर फेर जिनसे।
पचना ॥

॥ अर्थ ॥

पासेमें तीन रंगतें होतीहैं तमो गुण का रूप काला सो स्याही है रजो गुण का रूप लाल सो बिन्दीयों के गिरद लालीभी होती है सतगुण का रूप सफ़ेद सो सफ़ेद हाथीदांत होताही है। बेर बेर जिन पासोंसे पचना पड़ताहै- याने हर दफ़े पासेही हाथ में आतेहैं फेके जातेहैं यही पचनाहै ॥

मारफ़त में

तमोगुण रजोगुण सतोगुण- येजो तीनों गुणहैं जीवात्मा हमेशा इनमें से किसी न किसी गुणके पास रहेगा जब इनही के पास रहनातो इनके आधीन ठहरा इसी वास्ते बेर बेर इन्हीसे पचना पड़ताहै कभी तमोगुण आगया तो पाप किया नरक भोगा - कभी रजोगुण आयातो नामवरी का काम जारी कर दिया उसमें तकलीफ़ें उठाईं कभी सतगुण के प्रभाव से अच्छा काम बन पड़ा तो कुछ दिनों स्वर्गमें सुख कर लिया फिर क्या

पचना है ॥ ॥ मूल ॥ उडान ॥

लख चौरासी थान फिरनको यहां दाउसे है बचना ॥ १ ॥ ॥ मूल ॥

इक्का ईश दुआ यह प्रानी दुहूं बीच माया जाना

॥ अर्थ ॥

अब पासेका हाल कहते हैं कि पासेमें इक्का ईशहै - ईश माने बड़ेके हैं बाज़े वख़्त पौके बिना बाज़ी जाती रहती है - और पौ नहीं आती जैसे परमेश्वर सबमें व्यापक है ऐसे यह इक्का भी सभी अंकोंमें भराहै इसवास्ते ईशहै और दूसरी तरफ़ जो दूआहै जैसा यह प्रानी जैसा दुआ इक्के के और पंजेके बीचमेंहै तैसे यह प्रानी इक्का ईश्वर और पंजा पंचभूत जो पृथ्वी जल तेज वायु आकाश हैं उनके बीचमें हैं और दोनोंके बीचमें माया है मायाको क़नात बाँधाहै कबीश्वरों ने क़नात बीच में होनेसे कुछ दीख नहीं पड़ताहै सो इक्का दुआके बीचमें कोने ऐसे ऊंचेहैं मानो क़नात जो एक को एक नदेखे ॥

॥ मारफ़तमें ॥

ईश जो ईश्वर है सो इक्काहै अकेलाहै। जिसकी बराबर कोई कभी भी नहीं हुवा नहै नहोगा दूसरा। यह प्रानीहै ईश्वर का अंशही है ग़ैर नहीहै दोनोंके बीचमें मायाहै मायाके बीचमें होनेही जीवात्मा फिर ईश्वरके रूपको नहीं देख सकता

॥ मूल ॥

पंचभूत तन छक्के बस कर उसने भरमाया माना

॥ अर्थ ॥

पंच पंजा जिससे भूत याने पैदा हुआ है तन याने देह जिसका ऐसे छक्के बसकर याने याने हो चुके इसी पंजे छक्के ने भरमाया है ऐसा माना है ॥ ॥ मारफ़तमें ॥

पंचभूत पृथ्वी जल तेज वायु आकाश इनीका है देह जिस्का ऐसा कोन जीवात्मा तिसे छक्के बस करके छे कौन कौन काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य्य याने ईर्षा इनके काबूमें करके उस मायाने भरमाया ऐसा माना है ॥

॥ मूल ॥

वह इसका यह उसका हितसे जुगल खिलारी इकवाना ॥ ॥ अर्थ ॥

दो खेलने वाले होतेहैं मुख्य कहीं चारभी होते हैं परंतु उनमें भी दो दो एक तरफ होतेहैं इसीवास्ते दोही कहे दोनों खिलारीयों में हितसे याने दोस्तीके तौर पर वह इस्का और यह उस्का है और दोनोंका एकही बाना है यहां बाना खेलका लिया है। कपड़े वग़ैरः का नहिं मानना ॥

मारफ़तमें - वह परमात्मा इस जीवात्माका यह जीवात्मा भी उस परमात्माका है हितसे प्रीतिसे दोनों खेलने वाले हैं संसार रूपी खेलके एकसाही दोनों का बाना याने भेषहै क्यों कि परमात्माका नाम मनुजावतार है मनुज

कहते हैं मनुष्य को तिसमेंहै बास जिसका इस सबब से एक हीवा नादोनोंका हुवा ॥ ॥ मूल ॥

दाउं चूकतेही हारेगा फिर फिर चौरासी थाना

॥ अर्थ ॥

दाउं चूकनेही हार जावेगा जब हार जानताहै तो फिर फिर बेर बेर वे चौरासी घरोंमें अपना थान मानताहै याने फिर फिर ख्याल ताहै ॥ **मारफतमें** ॥ अबकी भला दाउंहै क्यों कि जतन जोकुछ इस चौरासी से छूटनेका कुछ बनताहै तो इसी मनुष्य शरीर से ही बनताहै सो यह भला दाउं है कि । आज कल इस जीवात्मा का मनुष्य शरीर है यह बड़ा दाउं है। जो दाउ चूका और हारा तो क्या होगा फिर २ चौरासी में इस्का थाना होताहै याने चौरासी भोगना है । किसीका दोहा है ।

॥ दोहा ॥

लख चौरासी भुगतने बीत जांय जुग चार
पाछे नरतन पायगा तातें राम संम्हार ॥

॥ मूल ॥

छूटे छक्के पंजे दोनों इक दम सेन परे नचना।

॥ अर्थ ॥

जब हारताहै खिलारी तब छक्के पंजे दोनों छुट जातेहैं याने घबरा जाताहै - पासेमें छक्के पंजे दुआ इका ये सभी होतेहैं सो छुट जाते याने हारनेही पासा फेंक देताहै तो अपने आपही

छक्के पंजे छुट गए ॥ ॥ मारफ़तमें ॥
जब चौरासी भुगननी पड़ती है तो छक्के पंजे दोनों एक दमसे छुट जाते हैं याने घबरा जाता है चाहता है कि नपरै नाचना मुझे परंतु चौरासीमें पड़के तरह तरह के नाच नाचने ही पड़ते हैं

॥ मूल। उड़ान ॥

लख चौरासी थान फिरनको यही दाउंसे है बचना ॥ २ ॥

॥ मूल ॥

एक वेदकी दो गुरु कुलकी न तीनि काने गेर कधी ॥

॥ अर्थ ॥

कानि कहते हैं मर्यादको कानिकी जमा काने हुई ॥ एक मर्याद वेदकी कि ईश्वर सत्य विश्वंभर सबका मालिक है ऐसी वेदकी मर्याद है यह एक कानि १ दो काने गुरु कुलकी - याने एक गुरुकी दूसरी कुलकी कानि गुरुकी कानि क्योंकि गुरु देवोंके देव हैं परमेश्वर में और गुरु में कुछ अंतर नजानना २ तीसरी कुलकी कानि हमारे कुलमें अच्छे अच्छे काम होते आए हैं। जो ज़रूर करना - ये तीनि कानें हुईं ३ यहां तक कानेका अर्थ हुआ - अब खिलारी को चाहिये कि तीनि काने कधी नगेरे। क्यों। क्योंकि बहुतही छोटा पासा है ॥

॥ मारफ़तमें ॥
ऊपर कहीहुई जो तीनि काने हैं तिनें कधी न गेरे यहां याने ये तीनों कानें न छोड़े ॥ ॥ मूल ॥

स्वर्ग नरक परलोक लोककी नचार कानें फेंक सुधी ॥ ॥ अर्थ ॥

स्वर्गकी मर्याद यह है कि जो यज्ञ वगैरे सत्कर्म करनेसे स्वर्ग प्राप्ति होताहै- इसी प्रकार निंदित कर्म करने वालेको नरक भोगना होताहीहै - परलोक की कानि यह है कि ऐसा कर्म खोटे आचरण वेद विप्र साधूकी अवज्ञा वा निन्दा करने से परलोक बिगड़जाता है लोककी कानि यह है कि ऐसा काम कि जिससे किसीको तकलीफ़ पहुंचे जिसके करनेसे लोक में अपयश होताहै- ये चार कानें हुई ॥

अब खिलारी को चाहिये कि चार कानेका पासाभी जो सुधी याने सुन्दर बुद्धि वाला होवे सो न फेंके - क्योंकि यहभी बहुत छोटा पासाहै ॥ ॥ मारफ़तमें ॥

ऊपर की लिखी हुई जो चार कानेहैं तिन्हें जो सुधी होय अर्थात् सुन्दर बुद्धीवाला हो सो उन चार कानों को भी कधी न फेंके याने हमेंशा उनको याद रक्खे ॥

॥ मूल ॥

पंजरी फ़करी हुई फ़िकर से बुरे दाउं पर रहे नधी ॥ ॥ अर्थ ॥ ॥

यहांसे आगेकी कड़ीयोंमें अक्सर जो पासे पड़ने हैं खेलमें वेई गिनाएहैं मगर मारफ़तमें पूरी इबारत का अर्थ समझना चाहियें। खेलमें पंजरीका भी पासा होताहै जब पंजरी का

दाउं रक्खा किसीने और पंजरी नपड़ी उस वख़्त कहते हैं कि बुरे दाउंके रखने वख़्त थी जो अक़्लहै सो जानी रहतीहै और जो कुछ रहती भी सो फ़िकर के मारे फिंकरी याने बहुत ख़राब वाली होती है ॥

॥ मारफ़तमें ॥

पंजरी जो देहहै सो फ़िकरके मारे फ़ंफरी याने नाताक़त होगई क्यौं कि जब दुनियाँ का खोटा साथ निवाहना पड़ताहै तो वह बड़ा बुरा दाउं होताहै। उस वख़्त अक़्ल जानीही रहतीहै तो फ़िकर करता है कि हाय इस जगह इन दुष्टोंके संगके सबब से मेरा परलोक मै न जानियें क्या बुरा हाल होगा ॥

॥ मूल ॥

छकड़ी जगह धर्म तन धन जन रहै आक़बत लाज सधी ॥

॥ अर्थ ॥

छकड़ी का पांसा होताहै और बहुत कम आताहै। इसको मारफ़त में मिलाके मालिने कहेहैं- यह जो छकड़ी जगह हैं कौन कौन- पहले धर्म· दूसरा देह- तीसरा धन- चौथा जन याने कुटम्ब- पांचवीं आक़बत- छठी लाज याने शरम- ये सब छः चीज़ें सधीर हैं- याने दुरुस्त रहैं ॥

॥ मूल ॥

बुरे पाँच दो जिनके कारन जगह जीतकी नप हुंचना ॥

॥ अर्थ ॥

पांच दो का पांसा अगर बाज़ी के शुरूमें पड़े तो खिलाड़ी लोग बहुत जानते हैं- कहावत है) हारी बाज़ी जानियें पड़े पांच दो सात।

इस पांसेके पड़नेसे जीतकी जगह पर पहुंचना बहुत मुशकिलहै

॥ मारफ़तमें ॥ ये सात बुरेहैं पांचतो काम क्रोध लोभ मोह मद और दो मत्सरता और पराई निन्दा इन सातोंके सबब से । दुनिया मेंजीतकी जगह जो बड़ापन याने नामवरीकी जगह बहुत मुशकिल है इसवास्ते इन सातोंसे बचना चाहिये ॥

॥ मूल ॥ उड़ान ॥

लख चौरासी थान फिरनकों यहांदांवसेहै बचना ॥ ३ ॥

॥ मूल ॥

पांच तीनमहैं छ चारमें पंजरीमें नौ घर पाए ॥

॥ अर्थ ॥

पांच घर तीन कानेमें हैं छै घर चार कानेमें हैं- और पंजरीमें नौ घर होतेहैं इस बातको खिलारी लोग जानतेहैं ॥

मारफ़तमें ॥ पांचजो हैं तत्व प्रथ्वी जल तेज वायु आकाश - सो तीन जो गुणहैं - रजोगुण तमोगुण सत्यगुण इन्हीमें तो हैं क्योंकि सृष्टिकी आदिमें पहले गुण पैदा होजातेहैं बादिको तत्वपैदा होते हैं और छे जो शास्त्रहैं मीमांशा न्याय वेदांत योग सांख्य वैशेषिक - सो चारोंजो वेदहैं - ऋगवेद यजुर्वेद साम वेद अथर्ववेद सोइन्हीमें हैं। और इन वेद और शास्त्रोंसे यह बात जानी जाती है कि इन आठोंके संजोग से शरीर बनताहै । भाषामें पंजरी संस्कृतमें पंजर शरीर को कहतेहैं। इस पंजरी में ९ घरहैं २ आंखें २ कान २ नासिकापुट १ मुख २ नीचेहैं १ लिंग और

एकगुदा - ये नो घर मिले ॥ ॥ मूल ॥

चलो पांच दो समझ सोच कर तोभी सबनिधि। घर आए ॥ ॥ अर्थ ॥

पांच दो के पांसे को समझ सोच के चलो तोभी सबनिधी कहते हैं नो को नो घर आते हैं ॥ ॥ मारफतमें ॥

पंच काम क्रोध लोभ मोह मद और दो मात्सर्य्य और परनिंदा इन सातों बातों को समझ सोच कर संसार में चलो तोभी सब निधि याने महापद्म॰ पद्म॰ शं॰ मकर॰ कच्छप॰ मुकुंद॰ कुंद॰ नील॰ खर्व॰ ये नोह निधें अपने घर आवें ॥

॥ मूल ॥

छकड़ी जगह छ दो भी तैसे जो नर चातुर चल साए। तोभी सब आसा घर बैठ मुदित होइ जग जस छाए ॥ ॥ अर्थ ॥

यहां दो कड़ीयों का मिलके अर्थ होना है कि छकड़ी की छ दो भी तैसे ही हैं मगर जो नर इन्सान चातुर सा ऐसे चले याने सी तलना से चले तोभी याने छकड़ी में और छ दो मेंभी आसा कहते हैं दिसा को दिसा दश हैं तो भी दश घर बैठे आप खुशी हो जगत जस होय कि फलाना खूब खेलता है ॥

॥ मारफ़तमें ॥

जैसी छकड़ी जगह जो पहिले गिनाय चुके हैं तैसे छ दो भी हैं छ तो काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य्य और दो याने निंदा

और स्तुति इन आठों को सारः याने सीनल तासे चलेतौ सब आसा अर्थात् सब मनोरथ घर बैठे होंय और आप खुशीरहै जगतमें जसछावे ॥

॥ मूल ॥

खेलसही बेफिकर होयजो पेट भरनको मटर चना ॥

॥ मूल । उडान ॥

लख चौरासी थान फिरनको यहां दाउंसे है बचना।

॥ ४ ॥

॥ अर्थ ॥

अगर दुनियांमें बेफिकिर होय और पेट भरनेके वास्ते मिस्सी रोटीभी होयतो खेल क्या परवाह है नहींतो ये खेल खराब करदेता है ॥ मारफ़तमें ॥ यह खेल ज्ञानका ज़रूर खेलना चाहिये अगर पेट भरनेके वास्ते मटर चनाकी रोटीभी होयतो - नहींतो फिर फ़िकिरमें ये बातें काहेको सूझेंगी इसखेलमें बेफ़िकरी ज़रूर चाहिये ॥४॥ यहां चार चौक पूरे हुए ॥

॥ मूल ॥

ग्यारह दो तेरह चुके सब पांच तीनि छै तीनि सभी।

॥ अर्थ ॥

ये पासे ग्यारे दो का और पांच तीनि का और छ तीनि का सो सभी चूक गए ॥

॥ मारफ़तमें ॥

ग्यारह इन्द्रियां हाथ पाऊं लिंग गुदा बाणी ये कर्मेंद्रियां आंख नाक कान जीभ त्वचा ये ज्ञानेंद्री ग्यारवां मन और दो अवस्था बालापन - जवानी - और पांच तत्वका जो शरीर सो और तीन अवस्था।

जाग्रत स्वप्न सुखुप्ति छै काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य ।
और तीनि गुन रजोगन तमोगुन सत्वगुन ये सब तेरह होचुके
यानि बुढ़ापा आया बुढ़ापे में इंद्रियां भी बेक़ाबू होजाती हैं ।
सिरफ़ मरण अवस्था बाक़ी रहजाती है ॥

॥ मूल ॥

ये कच्चे बारहों बराबर समझाए समझे न कभी ।

॥ अर्थ ॥

ये पासा कच्चेका बराबर बारह घरही मिलते हैं चाहो एक नरद से चलो चाहोदो नरदसे कितना समझाया तुमको तुम कभी न समझे ॥ **मारफ़तमें** ॥ ये कच्चे नादान बारह महीने बराबर तुम्हें समझाया तुम कभी न समझे ॥

॥ मूल ॥

दस पौसे इक्कीस समझ लो एक बीचमें होन तभी

॥ अर्थ ॥

दस पौके पासेमें इक्कीस घर मिलते हैं सो समझ लो मगर बीचमें एक न होतो ॥

॥ मारफ़तमें ॥

दस पौ ग्यारह हुए दस इन्द्री ग्यारवां मन इन सबकी सफ़ाई से दुनियांकी बाज़ी इक्कीस होतीहै याने तरक़्क़ी होतीहै मगर कबजो बीचमें रोक याने सफ़ाई में कसर न होवे ॥

॥ मूल ॥

दस दो बारह वायस्त चौदह पंद्रह से पच्चीस अभी ।

(अर्थ)

दस दोका पासा बाइस घर चाहता है तुम अपनी खुशीसे चाहो बारह लेके बैठ रहो इसीतरह पंद्रह के पासेसे पच्चीस घर होते हैं अभी देखलो ॥

॥ मारफ़तमें ॥

रह महीने याने

ीना याने हमेशा जो चाहे तो चारु

नेके सबब से पंद्रह जो तत्व हैं कौन कौन पंचतन्मात्रा शब्द स्पर्श रूप रस गंध और पंच भूत पृथ्वी जल तेज वायु आकाश और पंच प्राण कौन कौन प्राण अपान समान उदान व्यान इन पंद्रह से अभी याने बेख़ौफ़ पच्चीस तत्व जाने जाते हैं कौन कौन पंच प्राण नाग कूर्म कृकल देवदत्त धनंजय और पंच ज्ञानेन्द्री और पंच कर्मेन्द्रि जो ऊपर लिख आये हैं। और दस इन्द्रियोंके देवता याने हाथोंके इन्द्र पाऊंके यज्ञ गुदाकेमित्र लिंगके प्रजापति त्वचाके पवन नेत्रोंका सूर्य्य नासिकाके अश्विनीकुमार रसनाके वरुण कानोंके दिशा बाणीके अग्नि ये पच्चीस जाने जाते हैं।

॥ मूल ॥

चलो सो रहो अब ना ॥

॥ अर्थ ॥

चौदह के और सोलहके पासेमेंभी छब्बीस घर लेलो अब चलो सोरहो नचोमन ॥

॥ अर्थ ॥

चौदह विद्यासे सोलह तत्वसे मन और कहे हुए पच्चीस तत्वये छब्बीस जानलो अब चलो सोरहो क्यों नचते हो ॥

॥ मूल ॥ उडान ॥

लख चौरासी थान फिरनको यहां दाउंसे है बचन।

॥ ५ ॥ ॥ मूल ॥

देख अठारह चलौ मेलसे तौ ले तीसों घरकूं रे ॥

॥ अर्थ ॥

अठारह के पासेको देखो अगर मेलसे चलो तो तीस घर मिलते हैं

॥ मारफ़तमें ॥

अठारह पुरानों को देखो और मेलके साथ चलो तीसो दिन याने किसीसे बिरोध मनकरो तो अपने घरको लेउ ॥

॥ मूल ॥

अगर अठारह बीच न बिचला तौले दूने भरपूरे

॥ अर्थ ॥

अगर अठारह के पासेमें बीचमें बीचवाला कोई नहीं है तो पूरे दूने घर लेले याने छत्तीस घर लेले तीनों नर्दसे ॥ मारफ़तमें

अगर अठारह पुरानो के बीमें न बिचला गया तो तेरे घर बैठे दूने हैं याने सब तरह से फ़ायदा है ॥ ॥ मूल ॥

तीनों काने समझके छकड़ी जगह जु पंद्रह मिलतू रे ॥ ॥ अर्थ ॥

तीनों कानेके पांच घर और छकड़ी के दस घर मिलके पंद्रह घर ॥ ॥ मारफतमें ॥

तीनों काने जो ऊपर लिख चुकेहैं और छे कड़ी जगह वहभी ऊपर

लिख चुके हैं इनको जो समझे तो तू पंद्रह जो तिथि हैं तो उनका मेल कर याने हर परद बारे में उन ऊपरकी बातों को विचारता रहो

॥ मूल ॥

कहदे सत्रह ।इसमें तो उन तीसों को घूरे ॥

॥ अर्थ ॥

इस सत्रहके पासे को कहदे कौन से पासेमें कौन कौन अंक हैं। अगर तू जान सकेगा तो तू उन तीस घरोंको घूरेगा याने देखेगा।

॥ मारफतमें ॥

इस शरीर में कहदे सत्रह तत्व कौन कौन से हैं वह जो ऊपर कह आये हैं तीस दिन तिनमें घूरेगा याने देखेगा तो तू जान सकेगा

॥ मूल ॥

बहुत दिनोंका हारा है टुक रुक रुक चल फिर भी लचना ॥ ॥ अर्थ ॥

बहुत दिनोंसे हारते चले आये हो थोड़ी देर रुक रुक के चलो आखरको लचना है याने फिर भी हारोगे ॥

॥ मारफ़तमें ॥

अनादि कालसे आवा गवन के सबब से हारा हुवा है टुक याने थोड़ी देर रुक रुक के चल याने समझ समझ के चाल चलो हर किसीसे कहे मत चलो आखर को लचना है याने नम्रतासे सब काम निकलेगा ॥ ॥ मूल । उड़ान ॥

लख चौरासी थान फिरन को यहां दाउं से है बचना

॥ ६ ॥ ॥ मूल ॥

पंजरी बिच ग्यारहकोदेखो गर्व न करना खपोवारे ।

॥ अर्थ ॥

पंजरीके पासेको ग्यारह के पासेके बीचमें जानों तुम्हारे चाहने ऊ
पजो पौ बारे थे वो आगये तो इनको देखकर यह गुमान मत करो
कि हमजो पासा चाहने हैं सोइ आजाना है ॥

॥ मारफतमें ॥

पंजरीजो शरीरहै इसके बीचमें ग्यारह जो इन्द्रियांहैं उनको देखो
और दुनियांमें कहावत है जिसके अनुकूल ईश्वर होनाहै उस
को लोग कहते हैं कि आज कलकी क्या है आज कल तो उसके
पौ बारह हैं इन पौ बारों को देख करके यह गुमान मत करोकि
चाहनाहं सोई होजाना है यह केवल ईश्वरकी कृपाहै ॥

॥ मूल ॥

इकऊपर दूने घर बैठे सीख न सीखी सौबारे ।

॥ अर्थ ॥

यह ऊपर लिखेहुए पंजरी और ग्यारह के पासेहैं इनमें एक ऊपर
है जिनके ऐसे दूने घर बैठते हैं जैसे पंजरीमें नौ घर हुए चार
दूनी आठ और एक नौ ऐसेई दस पौ में जानों तुमको सौदफ़े सि
खाया तुम सीखने नहीं । ॥ मारफतमें ॥

अगर ऊपरकी लिखी हुई नसीहतों में एकभी तुम ख्याल करते
तो तुम्हारे घर बैठे दूने थे सौतुमको सौदफ़े सिखाया तुमने भी

खुन सीखी ॥

॥ मूल ॥

पांच चार लखकर छ चारभी तेरहें चौदह बारे ॥

॥ अर्थ ॥

पांच चार का पासा तुमने देखकर छ चारका पासाभी देखा और तेरह चौदह वाला पासाभी देखा याने जाना तुमने ॥

॥ मारफ़तमें ॥

पांच तत्वके शरीरमें चार जो अवस्थाहैं याने जाग्रत स्वप्न सखुप्ति तुरीया इनको देखकर छः शास्त्र और चारों वेदभी तुमने देखे अब चौदह लोकके जोहैं बारे याने दरवाज़े वो सब तेरे हैं ॥

॥ मूल ॥

सब पासे इत उतसे देखो अबभी तजदे परिवार ।

॥ अर्थ ॥

सब पासोंको इधर उधरसे देखो अबभी परिवारको छोड़ दो ॥

॥ मारफ़तमें ॥

सब पासे याने सबके पास इधर से और उधरसे याने इधरसे अपनको उधरसे परमेश्वरको अबभी देखो और परिवारको तुम अपना समझते हो और तमाम दुनिया को ग़ैर इस बातको तज दो ॥

॥ मूल ॥

दाउं कहा तुम पर जीते हम बरसे बाज़ी क्यों सचना

॥ अर्थ ॥

दाउं कहा तुमने मगर जीते हम अब सच कहो बरसेकी बाज़ी हमा

री क्यों नहीं हुई ॥ ॥ मारफतमें ॥
है प्यारे हमने तुमपर याने तुमसे दाउं कहा याने तुमें दांव बनाया
इस वास्ते हमतो जीते याने हमतो उपदेश करचुके आगे वरसे
वा याने बडोंकी सेवाजीसे देखो क्या सचहै या नहीं ॥

॥ मूल । उड़ान ॥

लख चौरासी थान फिरनको यहाँ दाउंसे है बचना
॥ ७ ॥ ॥ मूल ॥

सुनिये श्रीगुरु सत्यनरायन हमतो आपके हैं चे
ले । हम यह चौसर खेला चाहें आप खिलाया तो
खेले ॥ हर फ़नमें जो चातुर होवे सो सुनि समझे हर
बेले । जो आनंद हमें अब आया वही मजा वह भी
लेले । बांके जी बिच अति खुश होजो जानि बूझ
नि सचना ।
दाउंसे है बचना ॥ ८ ॥

यह टीका खुलासा है इस वास्ते इसका टीका नहिं लिखा ग
या ॥

॥ श्रीः ॥

॥ सखी ॥

जबसे जमा है दिलमें मेरे, मौला तेरा ख़याल है।
तबसे मुझे हरदम तेरा दरकार तुझसे विसाल है
। लिख सके तेरी सनाको, किसकी इतनी मजाल है।
सबकी ज़बां आज़िज़ इहां पर, कहै बांके लाल है ॥

॥ दौड़ ॥

करीम है कार साज़ है तू। समी है बंदा नमाज़ है तू।
ग़नी है और बेनियाज़ है तू। है सोज़ गह गाहे साज़ है
तू। हरेक जा गुफ़्गू है तेरी। हरेक को जुस्तजू है तेरी १

॥ सखी ॥

नहीं है जबसे पहलूमें वो, तब से अश्का का री हैं
अज़ीज़ों आप हम अपने, ऐसे जीने से आरी हैं।
हज़ारों सोज़े फ़ुरक़त से, फफोले दिलपे कारी हैं।
कहूं अहवाल क्या बांके के, लबमें आह जारी हैं।

॥ दौड़ ॥

तेरी फ़ुरक़त में अय दिलदार गिरेबां किया है मैं
ने तार। ख़ुदारा दिखा जल्द दीदार। समझ ना प
ड़ा तेरा बीमार। लबोंपे आया मेरा दम है। मुझसे
मिलने की क्या क़सम है ॥ २ ॥

॥ सखी ॥

तेरी शबे फ़ुरक़त में गुज़रा, मुझपे जो कुछ हाल है ।
कोई अगर चाहूं रक़म करना, तो अमर मुहाल है ।
जल्द आकर ले ख़बर अब, ये कहां की टाल है ।
हर घड़ी तुझसे यही कहता, ये बांके लाल है ॥

॥ दौड़ ॥

दिले आशक़ को मत रुलातू
न हरदम ग़मसे अब घुलातू ।
किसी दिन उसको बस बुलातू
बुलाकर पासमें सुलातू ॥
हुस्न ये सदा न रहने का ॥
ख़्याल कर हमारे कहने का

॥ ख़्याल ॥ ६७।३।

जितने हैं सब हैं नाम उसी के ख़ालिक़ो रहमानो दावर
राम रहीम भी [illegible] अल्ला वो है सबसे बरतर

॥ टेक ॥

लासके हानेमें हम्दो सना उसकी अपने क्यों करके ब
यार । नाबे हैं जिसके ग़ौसो कुतब अबदालो वली
और पेग़म्बर । दश्त जिबालो अर्दो समां और माही
से लेकर ताबो क़मर ॥ जितने हैं सब हैं, रूवम के तावे
। इसमें क्या बरतर ॥

॥ और ॥

जलवा हर शै में है ज़ाहिर उसका
नामहै अव्वलो आख़िर उसका
जानते हैं नहीं माहिर उसका।
कामहै नइश्श वो नाहिर उसका
सिफ़्त सनाहो याहो बड़ाई सबहैं उसीकोकर बावर
रामरहीम भी कहते हैं उसको ब्रह्म वोहै सबसे बरतर
॥ चौक ॥ १ ॥
भटकेन कभी गर लाख होज़ुल्मत जिसका के वो होवे
यावर ॥ वोन मदन पर होवे तो हरगिज़ पायेन राह
फिरे दर दर ॥ ठोकरें राह में खाय हमेशा चैनन होउ
सको दमभर । पास खड़ा होने दे न कोई आँहो उसे।
अपनी दूवर ॥ ॥ शेर ॥
कब बयाँ होसके क़ुदरत उसकी।
ज़ाहर हर यक में है सनअत उसकी
है अजब तरह की हिकमत उसकी
भरती हर शैहै शहादत उसकी।
देखो जिधरको आंख उठाकर वोही उधर आताहै न
ज़र । राम रहीमभी कहते हैं उसको ब्रह्म वोहै सबसे
बरतर ॥ २ ॥ ॥ चौक ॥ २ ॥
जिसपर लुत्फ़ इनायत की वो डाले अपनी येक नज़
र। चरणोंपे बिठावें लोग उसे तसलीम करें आकर

कर । जबवो कहीं जाय उठकरके तो यह कहें बंदा पर वर ॥ आओ चले जाना बैठो आराम ज़रा करलो दम भर ॥ ॥ शेर ॥

कौनसी जा नहीं जलवा उसका ।
दैरो काबे में है चरचा उसका ।
मह से ता माही है शोहरा उसका
ज़िक्र किसजा नहीं होता उसका

कुल जगह है मौजूद वो हरदम खाली नहीं उस्से कोई दर ॥ राम रहीम भी कहते हैं उसको ब्रह्म वो है सब से बरतर ॥ ३॥ ॥ चौक ॥ ३॥

यही दुआ है उस्से बांके मेरी हरदम आठ पहर ॥ शर्म हया रखलीजिये मौला मुझको फिराना मतदर दर ॥ काम बनाने मेरे सारे रखना करम अपना मुझ पर । फ़ैल क़वी को देखन मेरे अपने करम पर । रखि ये नज़र॥ ॥ शेर ॥

नाम है कुल की ज़बां पर उसका
कोई ग़ाफ़िल नहीं उस्से असला
याद रः खो के जो उसको भूला ।
वो गया दोनों जगह से मारा ॥

करुणा कर जगदीश सदा अपनी तू बस मेरे ऊपर । राम रहीम भी कहते हैं उसको ब्रह्म वो है सबसे बरतर ॥

॥ ४ ॥　　　　॥ ख्याल ॥

जो साथ अग़यार के रहोगे और हर कहीं आओ जा ओगे तुम। तो याद रः खोये ख़ूब दिलमें के एक दिन धोखा पाओगे तुम ॥　टेक ॥

